डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुधनी, कोलार, बैरसिया | आषाढ़ कृष्ण पक्ष 10- 2083 | भोपाल,दिन शुक्रवार, दिनांक 24 जुलाई,2026

33 वें दिन धरना जारी | कॉकरोच जनता पार्टी ने किया शुक्रवार को देशभर में प्रदर्शन का ऐलान, वांगचुक जेपी नॉ ने जूस पिलाकर खत्म कराया

जंतर-मंतर पर फिलहाल समाधान का मंतर ,पीएम मोदी का छात्रों के नाम एक वीडियो संदेश

प्रदर्शनकारी नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

केंद्र की मोदी सरकार ने शुक्रवार को कहा कि वह कॉकरोच जनता पार्टी की सीजेपी के साथ किसी भी समय बातचीत के लिए तैयार है। उन्हें 4 बार बातचीत के लिए आमंत्रित किया लेकिन कोई आकर बात करने को तैयार नहीं है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले 24 घंटे में सीजेपी को जेपी नड्डा के घर या ऑफिस पर बातचीत के लिए 4 बार ऑफर भेजा जा चुका है। उधर कॉकरोच पार्टी ने कहा है कि सरकार को बात करनी है तो जंतर-मंतर आए या फिर किसी न्यूट्रल जगह पर चर्चा करें। हम किसी के घर या ऑफिस नहीं जाएंगे। संवाद के लिए सम्मान और स्थान तय होगा, इससे पहले सीजेपी ने शुक्रवार को देशभर में शांति पूर्ण प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया। प्रदर्शनकारी नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। खबर, प्रदर्शन में 28 जून से शामिल हुए सोनम वांगचुक के अनशन का शुक्रवार को 26वां दिन है। वांगचुक फिलहाल गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं।

सीजेपी को लेपी नड्डा के घर या ऑफिस में बातचीत के लिए 4 बार ऑफर भेजा जा चुका

सीजेपी ने पिछली बार नड्डा के घर दो प्रतिनिधि भेजे थे आरोप था कि उनको नजरबंद

सरकार की ओर से 24 घंटे में 4 बार सीजेपी को बुलाया दिया, पर वे नहीं आए

सीजेपी की ओर से बात करना है तो जंतर-मंतर आइए, किसी के घर नहीं जाएंगे

26 दिन बाद नाने वांगचुक जेपी नड्डा ने जूस पिलाकर खत्म कराया अनशन

सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने अपना अनशन तोड़ दिया है। पीएम मोदी के संबोधन के बाद सोनम वांगचुक ने अपना अनशन तोड़ा। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और जितेंद्र सिंह ने सोनम वांगचुक का अनशन तुड़वाया। 26 दिनों से सोनम वांगचुक पेपर लीक के खिलाफ अपनी मांगों को लेकर मृत्यु हड़ताल पर थे।

सोनम वांगचुक ने मेदांता अस्पताल में भर्ती हैं। जैसे ही पीएम मोदी का संबोधन हुआ, उसके तुरंत बाद नड्डा और जितेंद्र अस्पताल के लिए रवाना हो गए। लेकिन वांगचुक ने अस्पताल में जूसकराया और अनशन तोड़ने का आग्रह किया। नड्डा ने मोदी सरकार द्वारा लिए गए फैसले के बारे में भी बताया।

पीएम मोदी का छात्रों के नाम एक वीडियो संदेश

बोले- पेपर लीक पर कैबिनेट सख्त फैसला लेगी, संसद में जल्द बिल पास कराएंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार सुबह छात्रों के नाम एक वीडियो संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक कोई मामूली विषय नहीं है। पीएम ने कहा कि पेपर लीक के खिलाफ कैबिनेट में सख्त फैसला लिया जाएगा।

साल-टेक कोर्ट और जांच राज्य का प्रस्ताव शुक्रवार को कैबिनेट बैठक में रखा जाएगा। आज पेश विधेयक को साल-टेक कोर्ट के लिए एक प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। विभागों ने लगातार काम किया और पेपर रद्द मुद्दे ड्राफ्ट सौंपा। इस ड्राफ्ट में फास्ट-ट्रैक कोर्ट और जांच राज्य का प्रस्ताव है।

शिक्षा मंत्रालय में बड़ा फेरबदल

नरेश पाल गंगवार उच्च शिक्षा विभाग के नए सचिव, विनीत जोशी को हटाया गया

केंद्र सरकार ने शुक्रवार की रात शिक्षा मंत्रालय में बड़ा फेरबदल करते हुए नरेश पाल गंगवार को शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग का नया सचिव नरेश पाल गंगवार नियुक्त किया गया है। केंद्रीय कार्मिक की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने यह फैसला लिया। केरल कैडर के 1994 बैच के आईएएस अधिकारी गंगवार, विनीत जोशी की जगह लेंगे, जिनका तबादला पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विभाग के सचिव के पद पर किया गया।

न्यूज गैलरी

हुजूर एसडीएम और तहसील कार्यालय नए भवन में शिफ्ट

भोपाल। फर हुजूर एसडीएम और तहसील कार्यालय अब पुराना सचिवालय से स्थानांतरित होकर सालखेड़ी परिसर स्थित सिंगारपोली फ्लाईओवर के पास नए भवन में संचालित होगा। विधायक रामेश्वर शर्मा ने नए कार्यालय का लोकार्पण किया। पुराना सचिवालय भवन के पुनर्निर्माण के कारण यह बदलाव किया गया है। अब सभी राजस्व संबंधी कार्य नए कार्यालय में होंगे।

स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग पर मेडिकल इंटर्न्स का प्रदर्शन

भोपाल। भोपाल में करीब 1200 मेडिकल इंटर्न्स और छात्रों ने स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर पदयात्रा निकाली। उन्होंने 14,337 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड बढ़ाकर 30 हजार रुपए करने की मांग की। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। इंटर्न्स ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने पर 24 जुलाई से कार्य बहिष्कार शुरू करेंगे।

जल जीवन मिशन पर कैग की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

भोपाल। कैग की रिपोर्ट के अनुसार मध्य प्रदेश में जल जीवन मिशन पर 27 हजार करोड़ रुपए खर्च होने के बावजूद 34 लाख ग्रामीण

डिंडोरी में जिला अस्पताल का कारनामा रोगी को सलाइन की जगह पानी की बोतल चढ़ा दी.

डीआर संवाददाता॥ डिंडोरी

जिला अस्पताल में एक मरीज को सलाइन की जगह मिनरल वॉटर की बोतल से ड्रिप चढ़ाने का मामला सामने आया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने ड्यूटी डॉक्टर और नर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पुलिस ने भी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, 18 वर्षीय राजाराम यादव ने बुधवार को घुटने मोड़ने की दवा खा ली थी। दोपहर करीब 2 बजे उसे जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात डॉ. बंसा साहू ने नर्स गायत्री चौधरी को मरीज को मिनरल वॉटर की बोतल से ड्रिप लगाने के निर्देश दिए। नर्स ने विरोध किया तो डॉक्टर ने खुद बोतल से ड्रिप लगा दी।

कांग्रेस की जीत की उम्मीद, कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में किया जनसंपर्क

दतिया में न कोई भाजपा प्रत्याशी को जानता, न वोट देना चाहता- पटवारी

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा है कि मैं दतिया के गांव-गांव घूम रहा हूं, लेकिन न कोई भाजपा के प्रत्याशी को जानता है और न ही उन्हें वोट देना चाहता है। दतिया ने एक बार फिर कांग्रेस का मजबूत समर्थन करने का उत्साह और जबरदस्त समर्थन देकर कर दिखाया है कि इस बार कांग्रेस ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी।

उन्होंने कहा कि दूर दतिया में घूमने के दौरान मतदाता के प्रति लोगों में नाराजगी दिख रही है। पटवारी ने गुरुवार को दतिया में न कोई भाजपा प्रत्याशी को जानता, न वोट देना चाहता- पटवारी

कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर धनंजयसिंह के समर्थन में आयोजित जनसंपर्क एवं आमसभा को कांग्रेस के पर्व के मतदान करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने विपक्षी पार्टी और प्रत्याशी पर नाम रिश्ते और से संबंध कर हिंसक, नाम और जनहित की राजनीति को मजबूत बनाने का आग्रह किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मतदाता पर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि दतिया की जनता ने देखा है कि किस प्रकार गठबंधन ने लोकतंत्र का गला घोंटते हुए कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की सदस्यता समाप्त कराई। जनता इस अन्याय को भूली नहीं है और इसका जवाब लोकतांत्रिक तरीके से मतदान के माध्यम से देगी। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव केवल एक सीट का चुनाव नहीं, बल्कि लोकतंत्र, संवैधान और संविधान की रक्षा का चुनाव है। दतिया की जनता भाजपा के अहंकार और अन्याय का करारा जवाब देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर धनंजयसिंह को भारी मतों से विजयी बनाएगी।

चित्रकूटरू नीट छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

चित्रकूट। सतना से सटे चित्रकूट (यूपी) में कोटा से घर लौटी नीट छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। बुधवार दोपहर छात्रा अपने लोकल गेस्टिया केंद्र के साथ देवरानगा एयरपोर्ट के पास रील बना रही थी। तभी युवा को बंधकबनाकर तीन बदमाशों ने उसके दोस्त को जंगल भगाकर पीटा। इसके बाद दो आरोपियों ने छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म किया, जबकि तीसरा फरार बता रहा। कभी पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और जांच के लिए एसआईटी गठित की है।

भोपाल, पुलिसकर्मियों द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

भोपाल से एक ऐसा मामला सामने आया है, जहां विशेष सशस्त्र बल (एसएसबी) के दो जवानों को नाबालिग से दुष्कर्म और इस अपराध में सहयोग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान मार्च में पदस्थ सतीश सेन और ग्वालियर में पदस्थ जितेंद्र राजपूत के रूप में हुई है।

घटना 22 जुलाई की है। आरोपी सतीश सेन ने पीड़िता को जितेंद्र की बेटी के जन्मदिन की पार्टी का झांसा देकर लाल परेड मैदान के पास बुलाया। रात लगभग छह बजे पीड़िता वहां पहुंची, जहां दोनों आरोपी कार में मौजूद थे। कार में जितेंद्र का 3-4 साल का मासूम बेटा भी था। इसके बाद आरोपी पीड़िता को एमपी नगर लिवा ले गए।

गवाह पर पहुंचकर जितेंद्र अपने छोटे बेटे के साथ सीढ़ियों पर पहला पैसा रहा, जबकि सतीश ने अंदर नाबालिग के साथ दरिंदगी की। वारदात के बाद आरोपी पीड़िता को रात 8 बजे कोहेफिजा दरबार के पास छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता ने आरोपी के फोन से परिजनों को सूचना दी। परिजनों के साथ जमाना नगर थाने पहुंचकर जीरो एफआईआर दर्ज कराई गई। बाद में जहांगीराबाद पुलिस ने जेडएफएस, रेप, पॉक्सो और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपी पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया।

रतलाम-मंदसौर समेत 5 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, सीजन में अब तक 12.8 इंच वर्षा

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मध्य प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को ग्वालियर, मंदसौर, रतलाम, आलीराजपुर और धार जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में अगले 24 घंटे के दौरान 4 इंच तक बारिश होने की संभावना जताई गई है। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, खंडवा, जबलपुर, सीहोर, राजगढ़, विदिशा समेत प्रदेश के 50 से अधिक जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

एक महीने में 12. 8 इंच बारिश, फिर भी सामान्य से 10% कम

प्रदेश में मानसून ने 24 जून को दस्तक दी थी। इसके बाद से अब तक औसतन 12.8 इंच (325.1 मिमी) बारिश दर्ज की गई है, जबकि इस अवधि में सामान्य रूप से इंच (356 मिमी)" बारिश होनी चाहिए थी। हालांकि राहत की बात यह है कि बारिश की लंबी लगातार कम हो रही है। 20 जुलाई तक जहां यह लगभग 17 प्रतिशत थी, वहीं अब घटकर 10 प्रतिशत रह गई है।

जुलाई के अंतिम सप्ताह में तेज बारिश की संभावना

मौसम विशेषज्ञ दीपेंद्र कुमार नायक' के अनुसार जुलाई के अंतिम सप्ताह में प्रदेशभर में बारिश का दौर तेज बना रहेगा। लगातार हो रही वर्षा के कारण कई क्षेत्रों में नदियां और नाले उफान पर हैं। रायसेन जिले के बेगमगंज में बीना नदी का जलस्तर बढ़ने से एक दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क तहसील मुख्यालय से टूट गया है। वहीं इंदौर, टीकमगढ़, छिंदवाड़ा और भोपाल सहित कई शहरों में भी बारिश का असर जनजीवन पर दिखाई दिया।

देवास सबसे आगे, आलीराजपुर सबसे पीछे"

बारिश के आंकड़ों के अनुसार "देवास" प्रदेश का सबसे अधिक वर्षा वाला जिला है, जहां अब तक 15.5 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके अलावा सीहोर में 17.3 इंच, बालाघाट में 15 इंच और भोपाल में 14 इंच वर्षा हुई है। दूसरी ओर आलीराजपुर में सबसे कम करीब 2.5 इंच बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने लोगों को भारी बारिश वाले क्षेत्रों में सतर्क रहने और नदी-नालों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी है।

इंदौर को पहल डबल लयर फ्लाइआवर ब्रिज की एक भुजा का किया लोकार्पण

सीएम ने कहा कि सिहंस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए यह फ्लाईओवर इंदौर-उज्जैन मार्ग पर बढ़ते यातायात के सुगम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

800 टन स्टील संरचना का उपयोग इस परियोजना में अरबिंदो से बाणगंगा की ओर जाने वाला यातायात शुरू होगा

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में बड़ी सौगात देते हुए मध्य के पहले डबल लेयर फ्लाईओवर ब्रिज की एक भुजा का लोकार्पण किया। उन्होंने लवकुश चौराहा पर 175 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित इस ब्रिज को आधुनिक तकनीक और उन्नत इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर और विकास एक दूसरे के पर्याय हैं। यह परियोजना आधुनिक अवसंरचना विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिहंस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए यह फ्लाईओवर इंदौर-उज्जैन मार्ग पर बढ़ते यातायात के सुगम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव नवनिर्मित ब्रिज का निरीक्षण करते हुए

इसकी प्रमुख विशेषता त्रिस्तरीय यातायात व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस परियोजना की सबसे प्रमुख विशेषता इसकी त्रिस्तरीय यातायात व्यवस्था है। प्रथम स्तर पर लवकुश चौराहे का सामान्य यातायात, द्वितीय स्तर पर वर्तमान फ्लाईओवर एवं मेट्रो रेल कॉरिडोर तथा तृतीय स्तर पर नया डबल लेयर फ्लाईओवर है। इससे चौराहे पर यातायात का दबाव कम होगा। इससे "सिंहस्थ आवागमन सुनिश्चित होगा। मुख्यमंत्री ने ब्रिज का अवलोकन कर इसकी सराहना भी की।

निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण ने किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस ब्रिज का निर्माण इंदौर विकास प्राधिकरण ने किया है। लगभग 1450 मीटर लंबाई के इस फ्लाईओवर के निर्माण में 22 मीटर की चौड़ाई पर 65 मीटर लंबे एवं 24 मीटर चौड़े स्पान पर दो 400-400 टन वजनी स्टील बॉ-स्ट्रिंग गर्डर स्थापित किए गए हैं।

बर्णवाल का स्वागत, जैन की विदाई अधिकारी टीम मप्र, के रूप में उत्कृष्ट भूमिका निभाएं , बर्णवाल

डीआर संवाददाता॥ भोपाल

नव नियुक्त मुख्य सचिव अनुराग बर्णवाल ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे टीम मप्र के रूप में शासन की योजनाओं-कार्यक्रमों और निर्णयों के क्रियान्वयन में अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभाएं।

निवर्तमान मुख्य सचिव अनुराग जैन ने विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए मप्र को देश में अग्रणी राज्य बनाने के लिए किए गए प्रयासों के लिए सभी अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया।

मंत्रालय में संपन्न हुए एक सादे समारोह में विभाग अध्यक्षों ने ग्वालियुक्त मुख्य सचिव बर्णवाल का आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर निवर्तमान मुख्य सचिव जैन को भावभीनी विदाई दी।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना, पीसीसीएफ सुदरंजन सेन सहित वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद थे। समारोह में अधिकारियों ने बर्णवाल और जैन को शाल श्रीफल और पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

देश में मप्र की रैंकिंग अग्रणी बनाने के लिए जैन की सराहना

डीआर सीहोर

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | आषाढ़ा शुक्ल पक्षा , 10-2083 | सीहोर, दिन शुक्रवार, दिनांक 24 जुलाई 2026

न्यूज गैलरी

कुत्ता काटने पर साबुन और बहते पानी से धोएं

सीहोर। यदि किसी व्यक्ति को कुत्ता काट ले तो सबसे पहले प्रभावित स्थान को कम से कम 15 मिनट तक साबुन और बहते पानी से अच्छी तरह धोएं। वीएमओ ने बताया कि किसी देरी के एंटी रेबीज वैक्सीन एवं आवश्यकता अनुसार रेबीज इम्युनोग्लोब्यूलिन लगवाएं।

राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार आज सीहोर आएंगे

सीहोर। मध्यप्रदेश कल्याण एवं सतत विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार 24 जुलाई को सुबह 11 बजे सीहोर पहुंचेंगे और सीहोर के दशहरा बाग स्थित बीर सिंह जी छतरी पर कुंवर बीरसिंह और शहीदों को दिए जाने वाले गार्ड ऑफ ऑनर एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे 12:30 बिलासगंज गणेश मंदिर और फिर 01 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

भाजयुमो ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

सीहोर। भारतीय जनता युवा मोर्चा नगर मंडल सीहोर ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर दिल्ली संसद भवन के बाहर साथ विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदर्शन की आड़ में पुलिसकर्मियों पर हमला किया गया, जो कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती है। साथ ही भगवान श्रीराम, ब्राह्मण समाज एवं संत प्रेमानंद महाराज के प्रति कमिश्नर स्तर से की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों पर भी कड़ी आपत्ति जताई गई है। भाजयुमो ने अंतरे लगाया कि ऐसे बयान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास हैं। संगठन ने प्रशासन से जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भड़काऊ गतिविधियों और घटना-प्रदर्शनों पर प्रभावी कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि प्रशासन समय रहते स्थिति काबू नहीं उठाता है तो भारतीय जनता युवा मोर्चा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन की प्रति जिला कलेक्टर को भी प्रेषित की गई है।

रेहटी नगर परिषद में चार एल्डरमैन मनोनीत

सीहोर। नगरपालिका शासन ने नगर परिषद रेहटी में चार एल्डरमैन नियुक्त किए हैं। जारी आदेश के अनुसार विनोद पंसारी, विनीत माहेश्वरी, प्रेम नारायण विश्वकर्मा और सुनीता तिलेश ठाकुर को मनोनीत किया गया है। नियुक्ति के बाद नगर में खुशी का माहौल है। समर्थकों और सामाजिक संगठनों ने सभी का स्वागत कर बधाई दी। नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र सीमा पटेल ने भी नव-नियुक्त एल्डरमैनों को शुभकामनाएं देते हुए जनहित में सक्रिय भूमिका निभाने की उम्मीद जताई।

77. 4 लीटर अवैध शराब और वैन जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

गैरतगंज। पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 77.4 लीटर शराब और एक मारुति वैन जब्त की है। थाना प्रभारी धनश्याम डांगी के नेतृत्व में ग्राम अकबरपुरिया और सारा के बीच घेराबंदी कर वाहन पकड़ा गया। तलाशी में छह पेटी देशी शराब और तीन पेटी बीयर मिली। पुलिस ने तुफान सिंह तोमर और जरना उर्फ करन बुड़ी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। दोनों को न्यायालय से जेल भेज दिया।

आंदोलन बड़वेली गांव में 11 केवी विद्युत लाइन से हुए हादसों को लेकर किसानों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है

सीहोर में बिजली विभाग पर किसानों का बड़ा आंदोलन, आयोगों की जांच से बढ़ा दबाव

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले के बड़वेली गांव में खेतों के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन से हुए हादसों को लेकर किसानों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। करंट लगने से घायल किसान सतीश मेवाड़ा का हाथ काटना पड़ा, जिसके बाद किसानों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजा, सरकारी नौकरी और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग तेज कर दी है। मामला अब जिला स्तर से निकलकर भोपाल तक पहुंच चुका है।

किसानों का दावा है कि क्षेत्र में लंबे समय से झूलती बिजली लाइनों की शिकायतें की जाती रही हैं, लेकिन समय पर सुधार नहीं किया गया। उनका आरोप है कि इसी लापरवाही के कारण अब एक युवा किसान करंट की चपेट में आए, जिनमें तीन की मौत हो चुकी है, जबकि दो घायलों को अपने हाथ गंवाने पड़े।

समाजसेवी एनएस मेवाड़ा के नेतृत्व में किसानों ने कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय और बिजली विभाग के अधीक्षण यंत्री कार्यालय पर कई बार प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपे। किसानों का कहना है कि हर बार केवल आश्वासन मिला, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

मामले को लेकर किसानों का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री निवास भी पहुंचा। किसानों के अनुसार वहां से अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके बाद बड़ी संख्या में किसान गोपाल दिपरा उर्फ मंत्री के नेतृत्व में पहुंचे और प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि उन्हें उम्मीद थी कि उर्जा मंत्री के प्रत्यक्ष संज्ञान के बाद कार्रवाई में तेजी आएगी, लेकिन जिम्मेदारी में कोई बदलाव नहीं आया।

किसानों ने प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर से भी मुलाकात कर पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये का मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग रखी। उनका कहना है कि निर्देशों के बावजूद विभागीय स्तर पर अब तक कोई प्रभावी बदलाव नहीं उठाया गया।

आंदोलन के अगले चरण में किसानों ने भोपाल के रातीबड़ा स्थित बिजली कंपनी के मुख्यालय का घेराव कर धरना दिया। अब यह आंदोलन लंबा चलेगी तक रोकिया नहीं रहा, बल्कि आसपास के कई गांवों के किसान भी इससे जुड़ चुके हैं।

इस बीच, किसानों का कहना है कि विद्युत सुरक्षा निरीक्षण में संबंधित विद्युत वितरण केंद्र और अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है तथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की गई है। वहीं, मीडिया में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए मानवाधिकार आयोग ने बिजली कंपनी से 31 जुलाई 2026 तक जांच प्रतिवेदन मांगा है। महिला आयोग ने भी मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और पीड़ित को न्याय दिलाने के निर्देश दिए हैं।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द मुआवजा, सरकारी नौकरी और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उनका कहना है कि आने वाले दिनों में भोपाल सहित कई जिलों के किसान राजधानी में बड़ा प्रदर्शन करेंगे और इस मुद्दे को विधानसभा व संसद तक उठाने की मांग करेंगे।

मछली पकड़ते समय तेज बहाव में बहा 55 वर्षीय व्यक्ति, पुलिस और गोताखोर कर रहे तलाश

डीआर संवाददाता ▶▶ बुधनी

सीहोर जिले के बुधनी क्षेत्र के नयापुरा गांव में मछली पकड़ने के दौरान 55 वर्षीय एक व्यक्ति बरसाती नाले के तेज बहाव में बह गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही शाहगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों व गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। शनिवार सिर्फ जाने तक व्यक्ति का कोई सुराग नहीं लग सका था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नयापुरा निवासी व्यक्ति गांव के पास स्थित बरसाती नाले में मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान नाले के किनारे उतरा पैर फिसल गया और वह तेज बहाव में बह गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन पानी का बहाव इतना तेज था कि वह कुछ ही क्षणों में नजरों से ओझल हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तत्काल गोताखोरों और स्थानीय तैराकों की सहायता से तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों के अनुसार, लगातार हो रही बारिश के कारण नाले का जलस्तर और बहाव काफी तेज है, जिससे खोज और बचाव कार्य में कठिनाई आ रही है।

पुलिस ने बताया कि लापता व्यक्ति की तलाश लगातार जारी है और सभी संभावित स्थानों पर सर्च अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों से बारिश के दौरान राजमार्ग नालों और नदी-नालों के पास नहीं जाने की अपील की गई है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने सड़क के निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है।

जिला पंचायत सीईओ ने ली एफएलएन स्टीयरिंग समिति की समीक्षा बैठक

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

नई जिला नीति 2020 तथा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एलएन) गतिविधियों की प्रगति, मॉनिटरिंग एवं आगामी कार्ययोजना की समीक्षा के लिए सीहोर स्थित ड्राइव के सभागार में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एफएलएन स्टीयरिंग समिति की गरिमामय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सभी विकासखंडों द्वारा शैक्षिक की उपलब्धियां, प्रचारित संकेतकों एवं सुधार क्षेत्रों की जानकारी दी गई। साथ ही मार्ट एवं डाटा विश्लेषण के माध्यम से चिन्हित में सामने आ रही बुनियादी एवं उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। ब्लॉकवार समीक्षा के आधार पर अपेक्षित सुधार के लिए आगामी रणनीति भी निर्धारित की गई।

बैठक में जिला कलेक्टर सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने मंच पर उपस्थित अधिकारी एवं समिति सदस्य अपने-अपने विकासखंडों में बच्चों के एफएलएन स्तर में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूल में बच्चों की तय से कम 80 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ एवं शिक्षा की प्रारंभिक दक्षताओं में सुधार हेतु बच्चों को अतिरिक्त अभ्यास एवं सहायतापूर्ण शिक्षण अपनाए प्रदान किए जाएं। शिक्षक नियमित रूप से बच्चों की कॉपियां चेक करें और शैक्षणिक शिक्षण योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए।

सदिग्ध गतिविधियों पर युवक को ग्रामीणों ने पकड़ा, मारपीट के बाद पुलिस ने लिया हिरासत में

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले के लालाखेड़ी गांव में संदिग्ध गतिविधियों के चलते ग्रामीणों ने एक युवक को पकड़ लिया। हाल के दिनों में क्षेत्र में लूट की घटनाओं और नकबजनी की घटनाओं से नाराज ग्रामीणों ने युवक की पिटाई कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे भीड़ से सुरक्षित निकालकर हिरासत में ले लिया।

ग्रामीणों के अनुसार, सातखेड़िया साहेब आसपास के गांवों में लगातार चोरी की घटनाएं हो रही थीं, जिससे लोग सतर्क थे। युवक रात गांव के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता दिखाई दिया। पूछताछ के दौरान उसके भागने का प्रयास करने पर ग्रामीणों ने मेहबूबी कर उसे पकड़ लिया। इसके बाद कुछ लोगों ने उसकी साथ मारपीट कर दी।

घटना की सूचना मिलते ही डायल-100 और नदी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक को भीड़ से छुड़ाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार और चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया। इलाज के बाद उसे पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया।

पुलिस का कहना है कि युवक की गतिविधियों और भागने की वजह की जांच की जा रही है। साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें और कानून अपने हाथ में न लें। मामले में विभागानुसार कार्रवाई की जा रही है।

बिजली चोरी का केस बनाने पर लाइन हेल्पर से मारपीट, दो आरोपियों पर एफआई

डीआर संवाददाता ▶▶ दोराहा

सीहोर जिले के दोराहा थाना क्षेत्र में बिजली चोरी का मामला दर्ज करने से नाराज दो युवकों ने एक प्राइवेट लाइन हेल्पर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने हेल्पर से मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शनिवार देर रात मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, सिकंदरगंज निवासी धनी लोधी और शम्मी मोराहा पुत्र के मंगा पहुंचे और पहले लोधी से विवाद करने लगे। आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौज करते हुए हेल्पर से हमला कर उसे घायल कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उन्हें हटाया। घायल हेल्पर ने आरोपियों ने भविष्य में केस चलाने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीहोर में लहसुन 25001 और सोयाबीन 7254 प्रति क्विंटल, आष्टा में सोयाबीन 7321 तक बिका

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

सीहोर जिले की कृषि उपज मंडियों में 23 जुलाई 2026 को किसानों की अच्छी आवक दर्ज की गई। सीहोर कृषि उपज मंडी में कुल 5192 क्विंटल और आष्टा मंडी में 4696 क्विंटल कृषि एवं पशु उपज मंडी उपज पहुंची। सीहोर मंडी में लहसुन का अधिकतम भाव 25001 प्रति क्विंटल और पीला सोयाबीन 7254 प्रति क्विंटल तक बिका। सीहोर मंडी में धनिया 10000, सफेद चना 6701, लाल चना 6171, गेहूं सरबती 3800 और लोकवन गेहूं 3023 प्रति क्विंटल तक रहा। प्याज का अधिकतम भाव 2601 प्रति क्विंटल दर्ज किया गया। किसानों को सोयाबीन, धनिया और लहसुन में अच्छे दाम मिले।

आष्टा मंडी में सोयाबीन 7321 प्रति क्विंटल तक बिका। इसके अलावा सफेद चना 6081, गेहूं 7201, मसूर 6320 और सुजाता गेहूं 4575 प्रति क्विंटल तक पहुंचा। फल सब्जी मंडी में लहसुन 13760 और प्याज 2600 प्रति क्विंटल तक बिके। **नरसिंहगढ़ मंडी** में कुल 1439 क्विंटल उपज की आवक रही। यहां लहसुन 17700, सरसों 7376 और सोयाबीन 7136 प्रति क्विंटल तक बिका। मंडी समितियों ने किसानों से बारिश के मौसम में उपज को सिरपाल से ढककर लाने की अपील की है ताकि फसल सुरक्षित रहे और बेहतर भाव मिल सकें।

धार्मिक आयोजन कुबेरेश्वरधाम पर गुरु महोत्सव आज से, एक दिन पहले ही पंडाल हाउस-फुल

श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पार्किंग, चिकित्सा सेवाएं, पुलिस बल, यातायात प्रबंधन, अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित

डीआर संवाददाता ▶▶ सीहोर

कुबेरेश्वरधाम पर गुरु महोत्सव आज से, एक दिन पहले ही पंडाल हाउस-फुल

श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पार्किंग, चिकित्सा सेवाएं, पुलिस बल, यातायात प्रबंधन, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित

सीहोर। जिला मुख्यालय से सन्निकट प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम में पांच दिवसीय गुरु महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार से आयोजित होगा। महोत्सव को लेकर देशभर से श्रद्धालुओं का आगमन लगातार जारी है। आयोजन शुरू होने से एक दिन पहले ही कथा पंडाल श्रद्धालुओं से हाउसफुल हो गया, एवंचि आसपास की होटल, धर्मशालाएं एवं ठहरने के अस्थायी स्थान भी पूरी तरह भर चुके हैं। आयोजन को व्यवस्थित किए जाने के लिए जिला प्रशासन और जिलेश्वर सेवा समिति ने भोजन, चिकित्सा, पार्किंग, जल स्थल पर श्रद्धालुओं की व्यवस्था की है। गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, समिति के पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर सुखला सहित अन्य ने वहां पर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की।

समिति के नोडिया प्रभारी नरसिंह दीक्षित भाग ने बताया कि गुरु महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार दी 24 जुलाई तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जाएगा, जबकि 29 जुलाई को एक विशेषज्ञ गुरु दीक्षा महोत्सव आयोजित होगा। लाखों श्रद्धालुओं की संभावित उपस्थिति को देखते हुए समिति एवं प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं के लिए लगभग 1 लाख 60 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में निर्मित स्थायी कथा पंडाल में शिव महापुराण श्रवण की व्यवस्था की गई है। वहीं, करीब 50 हजार वर्ग फीट क्षेत्र में विशाल भोजन प्रसादी स्थल तैयार किया गया है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे।

महोत्सव को सुचारु एवं सुरक्षित बनाने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पार्किंग, चिकित्सा सेवाएं, पुलिस बल, यातायात प्रबंधन, पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी आयोजन की व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी कर रहे हैं, गुरुवार को प्रवचन के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा, महादेव की भक्ति में जो खो गया, वह दुनिया की हर चिंता से मुक्त हो गया, क्योंकि शिव ही सच्ची शांति है।

खेत में कीटनाशक दवा का स्प्रे करने के दौरान दो भाईयों को लगा करंट एक की मौत दूसरा घायल

डीआर संवाददाता ▶▶ चरनाल

अहमदपुर थाना क्षेत्र के आकवाडी निवासी निकलेश गौर पिता ब्रजमोहन 25 अपने खेत में लगी सोयाबीन की फसल में कीटनाशक दवा का स्प्रे के दौरान फसल से कुछ फीट ऊंचा बिजली के दौरान से दोनों भाई करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से छोटे भाई की मौके पर मौत हो गई। जबकि बड़े भाई को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। फ्लाक के साल चिता तीर्थ दर्शन के लिए पिछले कई दिनों से धार्मिक स्थलों पर गए हुए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अहमदपुर थाना क्षेत्र के आकवाडी निवासी निकलेश गौर पिता ब्रजमोहन 25 अपने खेत में लगी सोयाबीन की फसल में कीटनाशक दवा का स्प्रे के दौरान फसल से कुछ फीट ऊंचा बिजली के दौरान से दोनों भाई करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से घायल दोनों भाइयों को आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने इलाज के लिए अहमदपुर अस्पताल इलाज के लिए लाया गया। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित किया। बड़े भाई का इलाज चल रहा है

न्यूज गैलरी

नमकामेश्वर मार्ग खुला, फिसलन से हादसे का खतरा

सीहोर। ने शिव महापुराण कथा और भजन को देखते हुए श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बीच नमकामेश्वर मंदिर मार्ग खोल दिया गया है। इससे ट्रैफिक जाम में राहत मिली है, लेकिन सड़क पर मिट्टी कीचड़ की वजह फिसलन बनी हुई है। निर्माण कार्य के चलते चले बने गड्ढों को मिट्टी डालकर समतल किया गया। पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था लागू कर प्रमुख चौराहों पर जवान तैनात किए हैं।

नगर परिषद भ्रष्टाचार के विरोध में 29 जुलाई से पदयात्रा

बैरसिया। नगर परिषद में कथित भ्रष्टाचार के विरोध में 29 जुलाई से मंगल तक पदयात्रा निकाली जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश अग्रवाल मंडी ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की है। बता नगर परिषद कार्यालय से शुरू होकर शालकनपुर, बीबीएल्लागंज होते हुए 31 जुलाई को मंगल पहुंचेगी। यहां फॉरेस्ट गार्ड जितेन्द्र सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पदयात्रा के माध्यम से भ्रष्टाचार की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

मंशा में आज से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

आष्टा। के ग्राम मंशा में 24 से 30 जुलाई तक सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन संत श्री सिद्धपुरु सरकार करेंगे। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक कथा होगी। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण और मां भगवती के दर्शन का लाभ लेने की अपील की है।

नर्मदा का जलस्तर 10 फीट एक बढ़ा, प्रशासन ने किया अलर्ट

बैरसिया। क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण नर्मदा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। नीलकंठ घाट का निचला हिस्सा पानी में डूब गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले 12 से 18 घंटों में जलस्तर 6 से 10 फीट तक बढ़ा है। प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों और श्रद्धालुओं से सतर्क रहने तथा नदी के तेज बहाव वाले क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की है।

मानसिक स्वास्थ्य रू निशुल्क परामर्श के लिए संपर्क करें

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम कराया।

गोविंदपुर के हरजीपुरा गांव में सरकारी प्राथमिक स्कूल पिछले दो वर्षों से बिना भवन के संचालित हो रहा है

दो साल से बिना छत के पढ़ रहे हरजीपुरा के बच्चे, खुले मैदान और बरामदे में लग रही कक्षाएं

डीआर संवाददाता»सिंहिगंज

सीहोर जिले के सिंहिगंज संकुल केंद्र से करीब 10 से 12 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत गोविंदपुर के हरजीपुरा गांव में सरकारी प्राथमिक स्कूल पिछले दो वर्षों से बिना भवन के संचालित हो रहा है। जर्जर स्कूल भवन के कारण पहली से पांचवीं कक्षा तक के करीब 25 से 28 बच्चों को खुले मैदान और बरामदे में बैठकर पढ़ाई करनी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है, जिससे बच्चों का भविष्य प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार स्कूल का पुराना भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है और कभी भी गिर सकता है। सुरक्षा कारणों से शिक्षक बच्चों को भवन के अंदर नहीं बैठाते। ऐसे में पूरे साल खुले मैदान, बरामदे या पेड़ की छांव में कक्षाएं लगाई जाती हैं। बारिश होने पर सबसे ज्यादा परेशानी होती है। तेज बारिश शुरू होते ही बच्चों की छुट्टी करनी पड़ती है, जबकि लगातार बारिश होने पर कई बार स्कूल भी नहीं लगा पाता।

गांव की रीना बाई, बारिश बाई, महेश, किशोर, संजान सिंह, रवान और जगदीश सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि उनका गांव वास्तुरा डैम बनने से पहले का बसा हुआ है और यहां करीब 300 से 400 लोगों की आबादी रहती है। गांव में प्राथमिक स्कूल तो है, लेकिन भवन की सुविधा नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षा के लिए बेहतर व्यवस्था की मांग कई बार की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले वर्ष बरसात के दौरान एक ग्रामीण ने अपने मकान में तीन महीने तक स्कूल संचालित करने की अनुमति दी थी। इससे बच्चों को कुछ राहत मिली, लेकिन बरसात का समय आने पर मकान वापस लेना पड़ा। इसके बाद स्कूल फिर खुले मैदान में लगने लगा। ग्रामीण महेश का कहना है कि गर्मी के दिनों में बच्चों को पेड़ के नीचे बैठाकर पढ़ाया जाता है, जबकि बरसात में पढ़ाई लगभग ठप हो जाती है।

ग्रामीणों का आरोप है कि नए स्कूल भवन के निर्माण के लिए कई बार लिखित आवेदन दिए गए। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 पर भी शिकायत दर्ज कराई गई और क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर को भी इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अभी तक भवन निर्माण की स्वीकृति नहीं मिली।

स्कूल प्रभारी गोपी ठाकर वर्मा ने भी स्वीकार किया कि शासकीय प्राथमिक शाला हरजीपुरा का भवन जर्जर होने के कारण बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर बैठकर पढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नए भवन के निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जा चुका है और स्वीकृति का इंतजार है। स्कूल में कक्षाओं में दो अतिथि शिक्षक पदस्थ हैं। अतिथि शिक्षक दीपक नागेश्वरी ने कहा कि भवन नहीं होने के कारण मजबूरी में बच्चों को खुले स्थान पर पढ़ाना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन हरजीपुरा जैसे गांवों में आज भी बच्चों को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द नया भवन नहीं बना तो बच्चों की शिक्षा पर इसका गंभीर असर पड़ेगा। ग्रामीणों ने शासन से मांग की है कि प्राथमिकता के आधार पर स्कूल भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा मिल सके और उनका भविष्य अंधकारमय होने से बचाया जा सके।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर दी पुष्पांजली

डीआर संवाददाता»सीहोर

दुश्मन की गोलियों का हम सामना करेंगे आजाद ही थे और हम आजाद ही रहेंगे। गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा, नगर मंडल सीहोर ने पीजी कॉलेज परिसर में स्थित अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष उनकी जयंती मनाई और आजाद के बताए सुए मार्ग पर चलने की शपथ ग्रहण कर स्वच्छता अभियान चलाया और जामुन, नीम, बदाम, आम अमरूद के पौधों का रोपण किया।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, युवा भाजपा नेता विक्कू राजकुमार जायसवाल युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह पाटीदार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुधीर प्रजापति युवा मोर्चा नगर मंडल उपाध्यक्ष सुनील राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं के द्वारा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा की सफाई की गई। कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की और उनके अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और बलिदान को याद किया। भाजपा कार्यकर्ताओं युवाओं ने कहा कि हम सभी

युवाओं के लिए क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। कार्यक्रम प्रमुख रूप से संपन्नित मेवाड़ा, अक्षय सोहाने, विजय यादव अनुराग मिश्रा प्रगम शर्मा हारा ठाकुर, समीर साहू सेन दीपांशु राठौर एलबर्मेन तुषार सोनी छोटा प्रिंस राठौर सत्यम राठौर प्रवेश राठौर मिलोद राठौर आयुष तोमर, मोटी राठौर, विशाल पालीवाल, सत्यम सोनी, हर्ष राजपूत सुमेश कुशवाहा, योगेश राय आदि शामिल रहे।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पुलिस कर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना

डीआर संवाददाता»सीहोर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा मानसिक समस्याओं के लक्षणों की समय पर पहचान एवं उपचार के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में मनकामेश्वर मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंजली

सक्सेना, नर्सिंग ऑफिसर रेखा कुशवाहा एवं सुनील गाजीपुरा मनरेगा सहित स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ जानकारी दी गई। उन्होंने प्रतिभागियों को डिप्रेशन, तनाव, एंग्जायटी, ड्रग एब्यूज, मोबाइल एडिक्शन एवं आत्महत्या की रोकथाम जैसे विषयों के संबंध में जागरूक किया। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य संबंधी निशुल्क परामर्श के लिए उपलब्ध टोल-फ्री टेलीमानस नंबर 14416 एवं 1800-891-4416 की जानकारी दी गई और इसके उपयोग एवं इसके माध्यम से सहायता संबंधी के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर एसडीपी राहुल श्रीवास्तव सहित 46 पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

सर्विस रोड पर खड़ा ई रिक्शा में ट्रक चालक ने टक्कर मारकर भाग लोगों ने पकड़ा

डीआर संवाददाता»बोरदा

भोपाल खजूरी हाईवे मार्ग जिला दोराहा जोड़ पर निर्माणाधीन पुल के सर्विस रोड पर खड़े एक ई रिक्शा को भोपाल की तरफ जा रहे एक चालक ने टक्कर मारकर भाग गिराया। हादसा में रिक्शा पूरी तरह क्षति ग्रस्त हो गया। वहीं चालक को चोटें आईं। मौके पर उपस्थित लोगों ने हादसा के बाद भाग रहा ट्रक चालक को सोनकच्छ टोल नाका के पास से पकड़कर दोराहा पुलिस के हवाले किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम 7:30 बजे के करीब दोराहा थाना क्षेत्र के दोराहा जोड़ के पास सर्विस रोड पर ई रिक्शा खड़ा हुआ था। इसी दौरान श्यामपुर की तरफ तेज गति से आ रहा ट्रक चालक ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की टक्कर से रिक्शा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। पुलिस ने चालक की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

डीआर संवाददाता»सीहोर

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम महोडिया और कोलिया के शासकीय हाईस्कूल से भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष श्री मानसिंह सेन ने बच्चों को किशोर न्याय एवं बालकों की देखरेख तथा संरक्षण अधिनियम 2015 की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्र छात्राओं को उनके

अधिकारों के बारे में बताया और जागरूक किया। इस अवसर पर श्री तुलेश नायक सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

गुप्त नवरात्र का समापन, कन्या भोज के साथ हवन, पूजन और पूर्णाहुति

डीआर संवाददाता»सीहोर

गुरुवार को आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि का समापन किया गया। इस मौके पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शहर के विश्रामघाट मां तौसरा गोलोगी मंदिर में दुर्गा नवरात्रि का पावन पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्रि के पावन अवसर के अंतिम दिवस यहां पर कन्या भोज के साथ हवन, पूजन और

पूर्णाहुति की गई। इस मौके पर मंदिर के व्यवस्थापक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, सरकार मंच के संचालक जितेन्द्र त्रिवारी, आयुष गुप्ता सहित अन्य ने वहां पर मौजूद कन्याओं का पूजन किया।

सुबह नवमी पर मां सिद्धी दात्री की पूजा अर्चना के लिए मंदिर परिसर में विभिन्न माता के दर्शनों कर पूजा-अर्चना की गई। गुप्त नवरात्रि के अंतिम दिन सुबह सामूहिक रूप से पूर्णाहुति दी। मंगली नवमी आषाढ़ माह की नवरात्रि का आखिरी दिन होता है। इस तिथि पर देवी दुर्गा के नवमदा स्वरूप की पूजा करने का विधान है। इसके साथ ही देवी की पूजा उस महाविद्याओं के रूप में भी की जाती है, चूंकि यह नवरात्रि का आखिरी दिन है, इसलिए इस दिन कन्या भोजन का भी आयोजन किया जाता है।

लगातार वर्षा के मद्देनजर कलेक्टर ने जारी किए व्यापक सुरक्षा निर्देश - कलेक्टर

उफनते नदी-नालों, पुल-पुलियों और जलमग्न क्षेत्रों से दूर रहें नागरिक, पुलिया पर पानी होने पर उसे पार न करें

डीआर संवाददाता»सीहोर

जिले में लगातार हो रही वर्षा तथा नदी-नालों के जलस्तर में वृद्धि की संभावना को देखते हुए कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों, राजस्व, पुलिस तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का पहला दायित्व जनहानि को रोकना है। सभी अधिकारी पूरी सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

कलेक्टर श्री बालागुरू के

ने निर्देश दिए हैं कि जिन पुलों एवं पुलियों पर पानी बह रहा हो, वहां किसी भी हालत अथवा वाहन को हरगिज पार न करने दिया जाए। ऐसे सभी स्थानों पर स्पष्ट एवं बड़े संकेतक बोर्ड लगाए जाएं तथा बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जलमग्न पुलों, रपटों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर पीसीसी घाटे कर्मचारियों की तैनाती लगाई जाए ताकि लोगों को समय रहते रोका जा सके और किसी भी दुर्घटना की संभावना को टाला जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नागरिकों को केवल सुरक्षित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए तथा लगातार मुनादी, सोशल मीडिया, स्थानीय मीडिया के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में ऐसे सभी स्थानों की पहचान कर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जहां जलभराव या बाढ़ जैसी स्थिति बनने की आशंका हो।

कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने कहा कि यदि किसी क्षेत्र में उत्पादन की स्थिति उत्पन्न होती है तो वहां रहने वाले नागरिकों को तत्काल सुरक्षित स्थानों अथवा पूर्व से चिन्हित राहत केंद्रों में स्थानांतरित किया जाए। आवश्यक दवाओं की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित की जाए ताकि प्रभावित नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि नागरिकों को नदी, तालाब, झरनों, डैम, जल पर्यटन स्थलों तथा अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों पर जाने से पूरी तरह रोका जाए। ऐसे स्थानों पर पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की तैनाती की जाए तथा आवश्यकतानुसार पुलिस बल की लगाया जाए। उन्होंने कहा की जिन स्थानों पर बीएसएस की संख्या 165 लागू की गई है वहां कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों की सुरक्षा के लिए लगाए गए प्रतिबंधों का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।

कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण कर स्थिति की निगरानी करें। आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी संसाधनों, रस्सा एवं बचाव एवं अन्य आवश्यक उपकरणों को पूरी तरह तैयार रखें। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे मौसम संबंधी चेतावनियों का पालन करें तथा अनावश्यक रूप से जलस्तर

री-नीट यूजी 2026 में सफल विद्यार्थियों का

डीआर संवाददाता»सीहोर

री-नीट यूजी 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में दर्शन अकादमी में सम्मान समारोह और जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। समारोह में एमबीबीएस में चयनित विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का स्वागत व स्मृति-चिह्न देकर सम्मान किया गया। इसके बाद सफल विद्यार्थियों के साथ शहर में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान पुष्पवर्षा कर विद्यार्थियों का स्वागत और सम्मान किया। समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. सुनील सिंह मेवाड़ और दुर्गेश शाक्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने

विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा

अकादमी के डायरेक्टर अजीत सर एवं आभाशाला मेवाड़ ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य केवल प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उत्कृष्ट चिकित्सक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करना भी है। कार्यक्रम के अंत में सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गईं व भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने का आह्वान किया गया।

न्यूज गैलरी

पुलों पर रोशनी और बेतवा परिक्रमा मार्ग बनाने की मांग उठाई

विदिशा। वार्ड-25 की पार्षद संगीता तोमर प्रताप सिंह दरबार ने नगरपालिका एवं जनप्रतिनिधियों से शहर के विकास और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कई मांगें उठाई हैं। उन्होंने कहा कि बेतवा एवं मेन नदी के पुलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए तथा वरुण तीर्थ घाट पर लईगवाट लाइट लगाई जाए, जिससे यात्रियों व श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो। उन्होंने बेतवा नैया की परिक्रमा मार्ग विकसित करने का भी आग्रह किया, जो गणेश मंदिर, रगड़ हनुमान मंदिर, रामघाट, मनकामपुर मंदिर, शनि मंदिर वरुण तीर्थ होते हुए बाध वाले गणेश मंदिर तक बने।

हिउस की वार्षिक आम सभा 26 जुलाई को होगी

सनातन की हिंदू उत्सव समिति की वार्षिक आमसभा का आयोजन 26 जुलाई रविवार, को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। बैठक तरा देवी होल अखाड़ा धर्मशाला गंगागंज में आयोजित होगी। समिति ने सभी आजीवन सदस्यों से समय पर उपस्थित होकर बैठक में सहभागिता निभाने का आग्रह करते हुए सादर आमंत्रित किया है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सीखी व्यवहारिक कार्यप्रणाली

विदिशा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण के तीसरे दिन 40 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का एक्सपोजर विजिट विदिशा शहरीण परियोजना के सुन्दरा आंगनबाड़ी केंद्र में कराया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोहा के मार्गदर्शन में हुए भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने पूरकाहार, प्री-स्कूल शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच, ग्रोथ मॉनिटरिंग, कार्ड बीज व्यवस्था, अभिलेख संधारण और हितग्राहियों से समन्वय की व्यवहारिक जानकारी प्राप्त की। पर्यवेक्षकों ने भुगतानपूर्ण सेवा प्रदायगी और कुपोषण मुक्त समाज के लक्ष्य को लेकर कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

रोजगार सहायक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बने अक्षयनारायण मैना

ग्यारसपुर। जनपद पंचायत ग्यारसपुर के रोजगार सहायक संघ के निर्वाचन में गंजिया मानोरा ब्लॉक के रोजगार सहायक अक्षयनारायण मैना सर्वसम्मति से निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए। उनके निर्वाचन पर रोजगार सहायकों ने फूल-गुलाल से स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र दांगी ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संघ और अधिक मजबूत होगा तथा

जिपं की बैठक: खाद-बीज वितरण में पारदर्शिता, किसानों की सुविधा और विकास कार्यों पर जोर

अनियमितता पर सख्ती के निर्देश: शून्य छात्र संख्या वाले स्कूल शिक्षकों का होगा समायोजन

सामान्य सभा से अनुपस्थिता रहने वाले अधिकारियों का वेतन रोकने की चेतावनी भी दी गई।

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

विदिशा। जिला पंचायत की बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिपं अध्यक्ष गीता बैलास राघुवंशी।

जिला पंचायत सभागार में गुरुवार को जिपं अध्यक्ष गीता बैलास राघुवंशी की अध्यक्षता में सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक हुई। इस बैठक में जिलेभर की सुविधाओं, शिक्षा, बिजली व्यवस्था, जल संरक्षण तथा विकास कार्यों को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और अधिकारियों को समयबद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बैठक में आगामी खरीफ एवं रबी सीजन

शिक्षा, बिजली और किसान सुविधा पर महत्वपूर्ण फैसले

बैठक में शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि जिन शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की संख्या शून्य है, वहां पदस्थ अतिरिक्त शिक्षकों का अन्य आवश्यकता वाले स्कूलों में समायोजन किया जाए, ताकि शिक्षकों का बेहतर उपयोग हो सके और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राघुवंशी ने कहा कि खाद-बीज वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता या जमाखोरी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वितरण प्रक्रिया के दौरान संबंधित क्षेत्र के जिला अध्यक्ष रहे। बिजली के कनेक्शन के लिए लंबित आवेदनों की समीक्षा कर नए कनेक्शन और ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश दिए गए, जिससे कृषि सीजन में किसानों एवं ट्रांसफार्मर लेने वे लिए विशेष मुख्यालय नहीं

पंचायत सदस्यों की अनियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा प्रभावित एजेंसियों द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे खाद एवं बीज के नमूनों की जांच कराने निर्देश दिए।

प्रशासनिक अनुशासन पर सख्त रुख अपनाया

जल संकट की स्थिति को देखते हुए बैठक में बांधों के डेड स्टोरेज का पानी सुरक्षित रखने तथा जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को आगामी गर्मी से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए। जल निगम को बिना एनओसी शहर की खुदाई नहीं करने तथा बालोदा बाजार निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए कहा गया।

बैठक में प्रशासनिक अनुशासन पर भी सख्त रुख अपनाया गया। विभागीय कार्यक्रमों में जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सदस्यों को आमंत्रित नहीं किए जाने पर स्वास्थ्य विभाग, जल निगम और कृषि विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध लिखा प्रस्ताव पारित कर इसे जनकी रोका कुशीपाल में दर्ज करने के निर्देश दिए गए। सामान्य सभा से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का वेतन रोकने की चेतावनी भी दी गई।

बैठक के अंत में विदिशा-अशनावर मार्ग को राज्य बजट में स्वीकृति

दिलाने के लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं विधायक के सहयोग और प्रयासों के प्रति सामान्य सभा ने आभार व्यक्त किया।

हाइड्रोलिक की रीड टूटी, दो कर्मचारी गिर दो घायल

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

शिवाजी नगर में ग्रामीण लाइन सुधारते वक्त हुआ हादसा

बिजली कंपनी में ठेकेदारी प्रथा और अकसरों की अनदेखी का खामियाजा एक बार फिर जमीनी स्तर पर काम करने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों को भुगतना पड़ा है। शिवाजी नगर में गुरुवार सुबह 9 बजे हाई-वोल्टेज ग्रामीण लाइन का फॉल्ट सुधारने गई दो आउटसोर्स कर्मचारी 20 फीट की ऊंचाई से सीधे जमीन पर आ गिरे। दरअसल जिस हाइड्रोलिक मशीन के भरोसे वे ऊपर भेजे गए थे, उसकी रिवेट की मेन रॉड ही टूट गई। इससे एक कर्मचारी की पीठ और दूसरे का पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। साथ कर्मियों ने आनन-फानन में दोनों घायलों को जिला अस्पताल भर्ती कराया है। स्थानीय सहयात्रियों ने बिजली कंपनी के मैदानी सिस्टम पर गंभीर सवाल उठाए हैं। लोगों का आरोप है कि विद्युतल नगर में आए दिन 3 से 4 बार अयोमित कटौती होती है। कंपनी के आकसर कर्मचारियों को न तो गलवा देते हैं, न सेफ्टी शूज और न ही हेलमेट। बिना नियमानुसार नर्क परमिट लिए ही कर्मचारियों को खतरनाक हाइट पर खड़ा दिया जाता है। मशीन की फिटनेस और डिस्ट्रेट रॉड की क्षमता पर ग्रीनिंग जांच नहीं

बिना सुरक्षा उपकरणों के काम नहीं कराते हैं

बिजली कंपनी की एक सभी कर्मचारी ने बताया कि ग्रामीण लाइन में फॉल्ट था। मशीन की रॉड टूटने से हादसा हुआ। कंपनीकी आउटसोर्स है, लगभग इलाज करा रहे हैं। हम बिना सुरक्षा उपकरणों के काम नहीं करते।

हकीकत न हेलमेट था और न ही कोई सेफ्टी बेल्ट

घटना के समय मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कर्मचारियों के शरीर न हेलमेट था और न ही कोई सेफ्टी बेल्ट। यदि जिला स्तरीय सभा कर्मचारी बेल्ट से बंधे होते तो शायद इतनी गंभीर चोटें न आतीं।

1. आउटसोर्स कर्मचारियों की सुरक्षा का जिम्मा किस अधिकारी का है?
2. हाइड्रोलिक मशीन का फिटनेस और सेफ्टी ऑडिट आखिरी बार कब हुआ था? 3. क्या घायल कर्मचारियों को कंपनी नियमानुसार मुआवजा और इलाज का खर्च देगी

अधेड़ का आखिरी नोट, मैं निर्दोष था, लटेरी हमला केस में फंसाया

डीआर संवाददाता ▪▪ सिरोंज

लटेरी में हुए हमले के मामले में नाम आने से आहत होकर गुरुवार सुबह ज्यादिरा में 50 वर्षीय प्रायरिह खुरेशी ने खुदकुशी कर ली। उनका शव गांव की पानी की टंकी की सीढ़ियों पर फंदे से लटका मिला। मृतक ने सुसाइड नोट भी छोड़ा है। सुसाइड नोट में प्रायरिह ने लटेरी में 17 जुलाई को हुए घटनाक्रम में निर्दोष होने के बाद भी आरोपी बनाए जाने पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा कि पीड़िता पक्ष ने बिना वजह उनका नाम मामले में जोड़ दिया। मस्जिद थाना प्रभारी रोहित कोल ने बताया कि मृतक सुबह घर से निकला था। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने उसका शव पानी की टंकी की सीढ़ियों पर लटका देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सुसाइड नोट जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में प्रायरिह की संलिप्तता नहीं मिली थी। लटेरी टीआई टीआई कोमल टंडन ने बताया कि इस मामले में अब तक 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इनमें मुख्य के दो भाई लोहे और बैलगाड़ी भी शामिल हैं। पुलिस ने एफआईआर के लिए 6 लोगों को हिरासत में लिया था, जिनमें प्रायरिह भी थे। प्रारंभिक जांच में सिर्फ 4 लोगों की संलिप्तता नहीं पाई गई, उनमें प्रायरिह का नाम भी है। हालांकि विवेचना अभी जारी है।

3 साल पहले बेटे ने भी की थी खुदकुशी परिवारिक

प्रायरिह ने पानी की टंकी की सीढ़ी पर फंदा डाल कर खुदकुशी की। इनसेट प्रायरिह खुरेशी (मृतक) के अनुसार मृतक प्रायरिह के बेटे ने भी 3 साल पहले खुदकुशी कर ली

क्या है पूरा मामला

लटेरी में 13 जुलाई को हुए विवाद में दो आरोपी मजहर खुरेशी और शुभीम खुरेशी जेल गए थे। 17 जुलाई को जमानत पर रिहा होकर घर में पानी भरने गए थे, तभी कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायलों में 11 लोगों के खिलाफ लटेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इन्हें 11 लोगों में प्रायरिह का नाम भी शामिल था। इसके बाद लटेरी पुलिस ने कई मुकदमे दर्ज किए थे।

तीन बच्चों की मां ने घर में लगाई फांसी, पति बोला- परिवार में नहीं था कोई विवाद

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

तलेगी गांव में एक 25 वर्षीय विवाहिता ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना कुरवाई-गुलाबगंज की दरमियानी रात की बताई जा रही है। मृतका की पहचान शिल्पी बाई आदिवासी के रूप में हुई है। परिजनों ने महिला को फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय मेडिकल कॉलेज भेजा।

मृतका के पति ने पुलिस को बताया कि वह मजदूरी करता है और कुरवाई को धान रोपाई के काम पर गया था। शाम को घर लौटने पर पत्नी सामान्य थी और परिवार में किसी तरह का विवाद नहीं था। देर रात वह शौच के लिए बाहर गया था। वापस आने पर उसने पत्नी को फंदे पर लटका पाया।

पति के अनुसार, उनकी शादी चार साल पहले हुई थी और उनके तीन छोटे बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। परिजनों के बयान लिए जा रहे हैं और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मिर्जापुर स्कूल के बच्चों नैं कड से की शिक्षिका की शिकायत,

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

गंजबासौदा। नवीन कृषि उपज मंडी के पास स्थित औद्योगिक क्षेत्र की पानी से भरी दुकानों में गुरुवार सुबह एक विशाल मगरमच्छ दिखाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया। मगरमच्छ को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी।

ग्रामवासी के अनुसार, शाम करीब 4 बजे कुछ लोगों ने खड़ान के पानी में मगरमच्छ को तैरते हुए देखा। थोड़ी देर बाद वह पानी से बाहर निकलकर किनारे पर आ गया। विशाल आकार के मगरमच्छ को देखकर लोग हैरान रह गए।

बताया जा रहा है कि यह क्षेत्र पहले हुए अवैध मार्बल उत्खनन के कारण बनी गहरी खदानों के लिए जाना जाता है। बारिश के मौसम में इन खदानों में पानी भर जाता है, जिससे यहां मगरमच्छ की स्थिति बनी रहती है। मगरमच्छ मिलने की सूचना पर वन विभाग सक्रिय हो गया। वन विभाग के अधिकारी राजेंद्र सिंह सलारिया ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से रेलवे ट्रैक को भी बंद कर दिया गया है। टीम मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़ने का प्रयास कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आसपास कोई बड़ा नदी या तालाब नहीं है, ऐसे में मगरमच्छ यहां तक कैसे पहुंचा, यह जांच का विषय बना हुआ है।

भोपाल संकुल वॉलीबॉल शुरू, 11 जेएनवी के 135 खिलाड़ी मैदान में

डीआर संवाददाता ▪▪ शमशाबाद

पीएम श्री स्कूल जगहार

नवोदय विद्यालय में भोपाल संकुल स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता में भोपाल संकुल के 11 जवाहर नवोदय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। नवोदय चांदनगढ़, रोजमेरी रायसेन-1, रायसेन-2, सागर, छतरपुर, अशोक नगर, रायसेन, भोपाल, गोलखान जेएनवी विदिशा के खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 74 छात्र और 61 छात्राएं खेल भावना प्रतियोगी युगपुरुष विद्यालय के प्राचार्य, उपप्राचार्य, वाहर से आए एक्सपर्टस ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। मालार्पण भी किया गया। प्राचार्य जितेंद्र दुबार ने कहा कि हार-जीत संयोग है। असली महत्व खेल भावना का है।

प्रतियोगी के प्रदर्शन पर है। निर्धारित अनिमिति में भी अच्छा प्रदर्शन एवं प्रायर्य एमडी सिंघ ने कहा कि बराबर जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जो खिलाड़ी प्रदर्शन बनाए रखता है, वही सच्चा खिलाड़ी होता है। प्रतियोगिता में अंडर-19, अंडर-17, अंडर-14 वर्ग के खिलाड़ी खेल रहे हैं। चयनित खिलाड़ियों के आधार पर भोपाल संकुल की वॉलीबॉल टीम बनेगी। टीम आगामी रोजगार प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय रायसेन-2 में भाग लेगी। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार वर्मा ने किया। शारीरिक शिक्षिका जयंती मौसम, रामेश यादव और सुनिता राठौरीय रही। प्रतियोगिता प्राचार्य जितेंद्र दुबार के निर्देशन में हो रही है। यह 24 जुलाई तक चलेगी।

स्पोर्ट्स

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में आयोजित स्विमिंग चैंपियनशिप का

विजेता तैराकों को मेडल-ट्रॉफी देकर सम्मानित किया

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में आयोजित सीबीएसई वेस्ट जोन रिजीयन चैंपियनशिप (सीजन) 2026-27 का गुरुवार को समापन समारोह आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता में मप्र, राजस्थान सहित पश्चिम क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में विभिन्न आयु वर्गों के विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रॉफियां प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मप्र स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपूष शर्मा, विदिशा जिला स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं विद्यालय संचालक योगेन्द्र सिंह रघु, सचिव दिलीप थापा, विवेक गौर, विद्यालय की निदेशक मीनाक्ष शर्मा, करण प्रताप सिंह रघु तथा प्राचार्य विनय अग्रवाल उपस्थित रहे।

सीबीएसई ओब्जर्वर कमलेश गौर एवं कोऑर्डिनेटर कमल वैकवार ने भी आयोजन की सराहना की।

अतिथियों ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना को मजबूत करती हैं तथा राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए खिलाड़ियों को तैयार करती हैं।

उन्होंने विद्यालय प्रबंधन द्वारा उत्कृष्ट खेल सुविधाओं और सफल आयोजन की प्रशंसा की। विद्यालय प्रशासन ने सभी अतिथियों, प्रतिभागी अभिभावकों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सफल आयोजन ने न केवल विद्यालय की खेल संस्कृति को सशक्त किया है, बल्कि प्रदेश स्तर पर विदिशा का गौरव भी बढ़ाया है।

जहर खाने वाले युवक की मौत प्रेमिका पर लगाए गंभीर आरोप

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

भटनी गांव में 26 वर्षीय सोहन सिंह लोन, पिता लोधा लोन की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। सोहन भोपाल में काम करता था। पिछले गुरुवार को उसने शादी में जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया।

इसकी सूचना उसकी प्रेमिका ने फोन पर सोहन के भाया को दी और बताया कि उसके पिता उसे उपचार के लिए विदिशा मेडिकल कॉलेज लेकर गए हैं। बाद में 24 जुलाई को दोनों की शादी तय हुई थी, पर बुजुर्ग के पिता ने टाल दी थी।

शनिवार और रविवार की रात उसे मेडिकल इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता और भाया ने प्रेमिका पर सोहन की मौत का आरोप लगाया है। दोनों की शादी 24 जुलाई को तय थी, लेकिन बुजुर्ग के पिता ने तैयारी का हवाला देकर शादी टाल दी।

ट्रेन की चपेट में आया बुजुर्ग, इमरजेंसी ब्रेक से बची जान

विदिशा। शहर के रेलवे ट्रैक पर गुरुवार सुबह बड़ा हादसा टल गया। भोपाल की ओर जा रही अहमदाबाद एक्सप्रेस की सीट में आने से एक वरीय बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाया। ट्रेन की रफ्तार कम हुई। बुजुर्ग पटरी से एक तरफ गिर गया जिससे उनकी जान बच गई। घटना सुबह करीब 4.45 बजे की है। बताया जा रहा है कि बुजुर्ग नागर सेवा न्यास की ओर से संचालित की तरफ ट्रैक पर बन रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुजुर्ग अचानक नागर सेवा न्यास में भोजन के लिए आते थे ट्रेन की चपेट में आने के बाद घायल ने बिना समय गंवाए गाड़ी की गति धीमी की। लोको पायलट ने घटना की सूचना स्टेशनरी को दी। बुजुर्ग को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी गोविंद राजपूत ने बताया कि घायल बुजुर्ग की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

डिजीटल अखबार

डीआर राजगढ़

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ आषाढ़ शुक्ल पक्ष-10, 2083 विदिशा, दिन शुक्रवार, दिनांक 24जुलाई 2026

न्यूज गैलरी

अब पानी भरे पुल-रपटो से वाहन निकाला तो केस

राजगढ़। बारिश और बाढ़ के दौरान यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूल और मार्ग बस संचालकों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिला परिवहन अधिकारी ज्ञानेन्द्र वैश्य ने बताया कि कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सभी बस संचालकों से कहा गया है कि नदी-नालों, पुल-पुलियों और रपटों पर पानी होने की स्थिति में बसों का संचालन न करें। निर्देशों का उल्लंघन करने पर बस का परमिट व फिटनेस निरस्त करने, आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने तथा स्कूल बस के मामले में संबंधित संस्था की मान्यता निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने सभी संचालकों से अपने चालक-परिचालकों को भी इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने को कहा है।

विशेष शिक्षक भर्ती के आवेदन 28 तक

राजगढ़ [illegible] संचालनालय (डीएसई) ने विशेष शिक्षक (माध्यमिक शिक्षक) संवर्ग के 762 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। भर्ती प्रक्रिया उच्चतम न्यायालय के आदेश एवं स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशों के तहत की जा रही है। अभ्यर्थियों के पास स्नातक उपाधि के साथ स्पेशल बीएडएलपीएल डीएलएड अथवा निर्धारित विशेष शिक्षा संबंधी योग्यता तथा वैध सीजीएचआर (बार) नंबर होना आवश्यक है। आवेदन पत्र 28 जुलाई 2026 तक जमा करें।

देवेंद्र गुर्जर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष नियुक्त

नरसिंहगढ़। सतुरिया गांव निवासी देवेंद्र गुर्जर को एनएसयूआई के राजगढ़ जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर मंगलवार को नगर में जुलूस निकाला गया। देवेंद्र गुर्जर के शहर पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने ढोल-धमाके, आतिशबाजी और नारेबाजी के साथ उनका स्वागत किया। बाइक और कार सहित वाहनों के काफिले के साथ निकले इस जुलूस में एनएसयूआई और कांग्रेस के झंडे लहराए गए। शहर में पहुंचे कार्यकर्ता नेताओं और सतुरिया के ग्रामीणों ने उनका फूल-माला पहनाकर और साफा बांधकर सम्मानित किया।

कर्मचारियों का वेतन कटेगा

राजगढ़। शासकीय कार्यालयों में समयपालन, अनुशासन और कार्यप्रणाली की स्थिति परखने के लिए जिला पंचायत सीईओ डॉ. इलियाराजा टी.टी. शुक्रवार को विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यालयीन व्यवस्था और योजनाओं की प्रगति का भ्रमण लेते हुए समय पर कार्यालय पहुंचने तथा जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

बारिश में उजड़ गया पशुओं का आशियाना, न्याय की लगाई गुहार

आदिवासी मजदूर का आरोप- जेसीबी से ढहा दी टापरी, अब खुले आसमान के नीचे मवेशी

बोले-समन्वय और तालमेल से कार्य करें सभी अधिकारी

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

लगातार हो रही बारिश के बीच सारंगपुर अनुभाग के ग्राम अलूनी से एक मार्मिक मामला सामने आया है। गांव के आदिवासी मजदूर मोहनसिंह पिता गोपीलाल ने आरोप लगाया है कि जिस टापरी के सहारे उसके पशु धन से सुरक्षित रहते थे, उसे जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया।

अब हालात यह हैं कि बारिश के मौसम में उसके मवेशी खुले आसमान के नीचे खड़े रहने को मजबूर हैं और परिवार के सामने रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है। मोहनसिंह ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगपुर एवं प्रदेश के राजस्व मंत्री डॉ. मोहन टेटवाल को शिकायत सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। उसने आवेदन में बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है और पशुपालन ही उसकी आजीविका आय का मुख्य साधन है। पशुओं को बांधने के लिए गांव में वर्षों पुरानी खर फूस की टापरी बनाई गई थी, जहां चारा भी सुरक्षित रखा जाता था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि हाल ही में भारी बारिश के दौरान जेसीबी मशीन से उसकी टापरी गिरा दी गई। टापरी टूटने से उसमें रखा सारा भी बारिश में भीगकर खराब हो गया। सबसे बड़ी चिंता यह है कि अब पशुओं को बारिश और ठंड से बचाने के लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचा है। मोहनसिंह का कहना है कि एक गरीब मजदूर के लिए यह नुकसान किसी बड़ी आपदा से कम नहीं है।

आवेदन में उसने यह भी आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोग उसे

सार्वजनिक स्टूअटेल से पानी भरने से रोकते हैं। अनुसूचित जनजाति वर्ग से होने के कारण मजदूर ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच, नुकसान का मुआवजा और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। बारिश के इस मौसम में एक गरीब परिवार और उसके बेजुबान पशुओं की परेशानी ने गांव में चर्चा का विषय बना दिया है। अब सभी की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं कि क्या इस आदिवासी मजदूर को न्याय और उसके पशुओं को फिर से एक छत मिल पायेगी क्या।

अतिक्रमण हटाने का आदेश हुआ

का। ग्रामीणों की शिकायत पर सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया। पूर्व में इन्हें सूचना भी दी थी।

नीलम पारसेदिया, पचोर

लहरीलेवार

फतेहाबाद में दिव्यांग से लूट करने वाले दोनों आरोपी 48 घंटे में गिरफ्तार

डीआर संवाददाता ✍ फतेहाबाद।

शहर थाना पुलिस ने पुराना बस अड्डा क्षेत्र में एक दिव्यांग व्यक्ति से 1,500 रुपये लूटने के मामले का महज 48 घंटे में खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कबीर बस्ती निवासी विशाल उर्फ टुंडा और राहुल उर्फ गिल्ला के रूप में हुई है। दोनों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में डिस्ट्रिक्ट जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, 21 जुलाई को दिव्यांग राकेश कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। राकेश पुराना बस अड्डा क्षेत्र में भीख मांगकर अपना जीवनयापन करता है। उसने बताया कि दोपहर करीब एक बजे वह बस अड्डे के बाहर बने सार्वजनिक शौचालय में गया था। इसी दौरान दो युवक वहां पहुंचे और उससे पैसों की मांग करने लगे। विरोध करने पर एक आरोपी ने उसे पकड़ लिया, जबकि दूसरे ने उसकी जेब से 1,500 रुपये निकाल लिए और दोनों मौके से फरार हो गए।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और वारदात से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

नगर परिषद के मनोनीत पार्षदों का किया स्वागत

पचोर। नगर परिषद के मनोनीत पार्षद पुरुषोत्तम वैष्णव, संजय तिवारी, दिलीप कुशवाह और राजकुमार सलोनिया का सोमवार को नगर परिषद कार्यालय में स्वागत एवं सम्मान किया गया। जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुलदस्ते पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर नवनियुक्त नगर परिषद अध्यक्ष विकास कटारिया ने कहा कि मनोनीत पार्षदों के अनुभव और सक्रियता से नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर पुलिस लाठीचार्ज के खिलाफ प्रदर्शन

डीआर संवाददाता ✍ नरसिंहगढ़

दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में मंगलवार रात को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने छत्री चौराहा पर प्रदर्शन किया। रात 8 बजे से शुरू होकर देर रात तक चलने वाले इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की।

नारे लगाते हुए कार्यकर्ताओं ने सरकार पर अघोषित आपातकाल थोपने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से हटने को कहा, लेकिन कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इनकार कर दिया और अपने पर डटे रहे। कांग्रेस का कहना था कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है और लाठीचार्ज उसकी हत्या है।

उन्होंने कहा कि जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती और केंद्रीय मंत्री का इस्तीफा नहीं आएगा, आंदोलन जारी रहेगा। 2 घंटे चले इस प्रदर्शन के बाद प्रशासन के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त किया गया। इस मौके पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कंवरलाल शिवहरे, जिला पंचायत सदस्य पर्वत सिंह, ज्ञान सिंह चौरा, लोकेंद्र वर्मा, हाजी इस्माइल खां सहित कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

7 लाख चोरी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, और राजस्थान के रहने वाले निकले

डीआर संवाददाता ✍ नरसिंहगढ़

फतेहाबाद। हरियाणा के फतेहाबाद जिले की टोहाना सिटी थाना पुलिस ने ज्वेलरी की डिग्री से 7 लाख की नकदी चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले और दूसरा राजस्थान के बारां जिले का निवासी है। पुलिस दोनों से पूछताछ कर चोरी की रकम बरामद करने और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

टोहाना सिटी थाना प्रभारी

कुलदीप सिंह ने बताया कि 10 जून को गांव कमालकाना निवासी सुरेश कुमार ने पंजाब नेशनल बैंक की रेलवे रोड शाखा से अपने खाते से घर लिए नकद निकाले थे। उन्होंने नकदी और बैंक पासबुक से भरा बैग अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी की डिग्री में रखकर लॉक किया और पास की दुकान पर चले गए। लौटने पर डिग्री से बैग गायब मिला।

बैंक के सीसीटीवी फुटेज की जांच में एक अज्ञात व्यक्ति चोरी करते हुए दिखाई दिया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के कालिया निवासी लोकेश उर्फ बल्ला और राजस्थान के बारां जिले के लक्ष्मीपुरा निवासी सुमित को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है और चोरी की नकदी बरामद करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

कांग्रेस नेता सहित तीन पर मारपीट व एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज

डीआर संवाददाता ✍ सुसनेर

सुसनेर व कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी निजाम मंसूरी सहित तीन लोगों के खिलाफ सुसनेर थाना पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी और एससी-एसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है।

घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। तीनों आरोपियों को पुलिस ने राजगढ़ कर लिया है। एफआईआर के अनुसार, 15 जुलाई को फरियादी हेमराज बालादीन के घर पहुंचकर निजाम मंसूरी, अख्तर मंसूरी और जावेद मंसूरी ने कथित तौर पर ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और मारपीट की। शिकायत में आरोप है कि बाद में तीनों आरोपी उसके सिर के पास बंदूक मशीन पर पहुंचे और उसे भी मारपीट की। फरियादी ने जातिसूचक अपशब्द कहने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

ब्यावरा में करंट लगने से किसान की मौत, खेत की बिजली फेंसिंग की चपेट में आए

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर

ब्यावरा। राजगढ़ जिले के ब्यावरा क्षेत्र की लक्ष्मणगढ़ चौकी अंतर्गत पांजरी गांव में बुधवार शाम करंट लगने से 40 वर्षीय किसान दयाराम लोधा की मौत हो गई। वह अपने खेत में खरपतवार नाशक दवा का छिड़काव करने जा रहे थे, तभी खेत के पास लगी बिजली प्रवाहित तारबंदी (फेंसिंग) की चपेट में आ गए। ग्रामीणों के अनुसार, दयाराम जैसे ही खेत की ओर बढ़ा पहुंचे, वहां लगी तारबंदी में फंस गए। तेज झटका लगने से वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

दयाराम लोधा अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं। उनकी अचानक मौत से परिवार और पूरे गांव में शोक का माहौल है।

घटना के बाद ग्रामीणों ने खेतों के आसपास अवैध रूप से करंट प्रवाहित कर बनाई गई तारबंदी पर नाराजगी जताई है। लोगों ने प्रशासन से ऐसे मामलों की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शेड पर कब्जा | कृषि उपज मंडी में किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है

कृषि उपज मंडी में अव्यवस्था का आलम किसानों के 5 टीनशेड पर व्यापारियों का कब्जा

डीआर संवाददाता ✍ जीरापुर

जिले कि अनाज मंडियों में नगर की अनाज मंडी अपना विशेष स्थान रखती है। लेकिन इस कृषि उपज मंडी में किसानों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। जबकि दूर-दूरांत से किसान अपना अनाज लेकर मंडी में नीलामी के लिए आते हैं। मंडी प्रशासन की अनियमितता से मंडी के अधिकांश टीनशेड पर व्यापारियों ने कब्जा कर अपना अनाज टीन शेड में जमा रखा है।

जानकारी के अनुसार मंडी परिसर में कुल 6 टीनशेड बने हुए हैं। इनमें से 5 टीनशेड पर व्यापारियों ने अपना माल रखकर कब्जा कर रखा है, जबकि किसानों के अनाज के लिए मात्र एक ही टीनशेड छोड़ रखा है।

उसी एक टीनशेड में व्यापारी किसानों के अनाज की बोली लगाते हैं। अनाज की आवक अधिक होने पर स्थिति और भयावह हो जाती है। किसानों को अपना अनाज खुले आसमान तले रखना पड़ता है। वहीं पर नीलामी होती है। ऐसे में बारिश के मौसम में किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनका अनाज भीग जाता है और उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है, लेकिन इस ओर न तो मंडी प्रशासन का ध्यान है और न ही व्यापारियों को अपना अनाज अन्य गोदाम में रखने के लिए मंडी प्रशासन व्यापारी को अनाज हटाने के लिए किसी तरह कि पहल करती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि किसानों की सुविधा के लिए बनाए गए टीनशेड पर व्यापारियों का कब्जा क्यों है और मंडी प्रशासन कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है। इस संबंध में उप मंडी सचिव हरिशंकर वर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि कल भोपाल में मीटिंग में व्यस्त, [illegible]

आदिवासी मजदूर ने टापरी तोड़े जाने का लगाया आरोप, प्रशासन से मुआवजा और निष्पक्ष जांच की मांग

डीआर संवाददाता ✍ सारंगपुर।

राजगढ़ जिले के सारंगपुर अनुभाग के ग्राम अलूनी में एक आदिवासी मजदूर ने उसकी पशुओं की टापरी जेसीबी से ढहाए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। गुरुवार को मोहनसिंह पिता गोपीलाल ने इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सारंगपुर और प्रदेश के राजस्व मंत्री डॉ. मोहन टेटवाल को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच और मुआवजे की मांग की।

शिकायतकर्ता मोहनसिंह का कहना है कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है और पशुपालन उसकी आय का प्रमुख साधन है। पशुओं को रखने और चारा सुरक्षित रखने के लिए उसने वर्षों पहले घास-फूस की एक टापरी बनाई थी। आरोप है कि हाल ही में हुई बारिश के दौरान जेसीबी मशीन से उसकी टापरी गिरा दी गई, जिससे उसमें रखा चारा भीगकर खराब हो गया और अब उसके मवेशी खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं।

मोहनसिंह ने यह भी आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग उसे सार्वजनिक टयूबवेल से पानी भरने से रोकते हैं और अनुसूचित जनजाति वर्ग से होने के कारण उसके साथ भेदभाव किया जाता है। उनका कहना है कि गांव में अन्य अतिक्रमण भी मौजूद हैं, लेकिन कार्रवाई केवल उनकी टापरी पर की गई। वहीं, पटवारी रामबाबू ने बताया कि पंचायत की राशि से भवन निर्माण प्रस्तावित है।

सरपंच और सचिव के आवेदन पर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है और कार्रवाई नियमानुसार की गई है।

फिलहाल मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। मोहनसिंह ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच, हुए नुकसान का उचित मुआवजा और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अब सभी की नजर प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी है।